**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के 1-मंगलवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा० सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न स०-8 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 8-(क) क्या कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार मंत्री बतायेगें कि जनपद- उन्नाव, ब्लाक - बीघापुर के अन्तर्गत किसानों की उपज को क्रय करने हेतु कितने हाट बाजार (मण्डियॉ) क्रियाशील हैं ? | जी हां।<br>जनपद उन्नाव के ब्लाक बीघापुर में तीन हाटपैठ क्रमशः कुम्भी, उमाखेड़ा एवं गढ़ेवा निर्मित हैं। इसके अतिरिक्त इन्देमऊ से लगभग 06 कि०मी० की दूरी पर उप मण्डी स्थल बीघापुर भी निर्मित है। |
| (ख) क्या इन्देमऊ चौराहे के निकट हाट बाजार (मण्डी) नहीं होने से क्षेत्रीय किसानों को अपनी उपज को बेचने में परेशानी होती है ? | जी नहीं।<br>ग्राम इन्देमऊ से लगभग 01 कि०मी० दूरी पर हाटपैठ कुम्भी निर्मित है। |
| (ग) यदि हाँ, तो क्या क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन्देमऊ चौराहे के निकट हाट बाजार (मण्डी) बनायेगें ? | यद्यपि इन्देमऊ से 01 कि०मी० की दूरी पर हाटपैठ कुम्भी निर्मित है, यदि इन्देमऊ में सप्ताह में एक अथवा एक से अधिक बार पारम्परिक रूप से हाटपैठ लगती है एवं ग्राम पंचायत की 1000 वर्गमी० निःशुल्क / निर्विवाद भूमि उपलब्ध होने की स्थिति में हाटपैठ का निर्माण कराया जाना लक्षित होता है। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

दिनेश प्रताप सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग,
उत्तर प्रदेश |